C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890


वर्ष - 01 | अंक - 221 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 03 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## अंता उपचुनाव की हार के बाद नेताओं पर आरोप पड़े भारी, BJP ने मोरपाल सुमन को थमाया नोटिस

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

अंता विधानसभा उपचुनाव में मिली करारी हार के बाद भाजपा के भीतर सियासी घमासान तेज हो गया है। पार्टी प्रत्याशी रहे मोरपाल सुमन द्वारा शीर्ष नेताओं पर लगाए गए गंभीर आरोपों को भाजपा ने अनुशासनहीनता मानते हुए उन पर सख्त रुख अपनाया है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मोरपाल सुमन को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में लिखित जवाब तलब किया है।

नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि मोरपाल सुमन का कृत्य पार्टी अनुशासन के विरुद्ध है। यदि वे आरोपों पर कोई स्पष्टीकरण देना चाहते हैं तो निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत करें। पार्टी नेतृत्व ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया है।





दरअसल, कुछ दिन पहले मोरपाल सुमन ने भाजपा जिलाध्यक्ष, बारां को एक पत्र लिखकर अपनी हार की समीक्षा की थी। यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, बारां जिले के तीन भाजपा विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों पर भीतरघात कर चुनाव हराने के आरोप लगाए थे।

मोरपाल सुमन ने पत्र में दावा किया था कि ओम बिरला की पूरी टीम ने उनके खिलाफ काम किया और बड़ी राशि उपलब्ध कराकर मतदाताओं को प्रलोभन दिया गया, जिससे कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया की जीत सुनिश्चित हो सके। उन्होंने मंत्री हीरालाल नागर और उनके व्यवसायिक साझेदार मनोज शर्मा पर भी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में धन वितरण कराने के आरोप लगाए।

इतना ही नहीं, पत्र में बारां जिले के भाजपा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, ललित मीणा और राधेश्याम बैरवा पर भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव हराने का आरोप लगाया गया। मोरपाल सुमन का दावा था कि क्षेत्र में चर्चा थी कि यदि वे कांग्रेस प्रत्याशी को हराते हैं तो मंत्री बनाए जा सकते हैं, इसी आशंका के चलते विधायकों ने उनके खिलाफ काम किया।

गौरतलब है कि अंता विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया ने भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन को 15,594 वोटों से हराया था। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा तीसरे स्थान पर रहे थे।

## कनेछनकलां में महिला की संदिग्ध मौत, गहने लूटकर हत्या का आरोप

### घर में मिला शव, शरीर पर चोट के निशान; एफएसएल जांच जारी





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

फूलिया कलां थाना क्षेत्र के कनेछनकलां गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने गहने लूटकर हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद गांव में दहशत व आक्रोश का माहौल बन गया।

थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका के बेटे रामकुवार बैरवा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। मृतका बसंती देवी बैरवा शनिवार रात जागरण कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौटी थीं और घर में अकेली रहती थीं। रविवार को संपर्क नहीं होने पर परिजन गांव पहुंचे, जहां घर का ताला खोलने पर कमरे में बसंती देवी का शव मिला।

ग्रामीणों के अनुसार शव पर चोट के निशान थे तथा मृतका के पहने सोने-चांदी के सभी आभूषण गायब मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीलवाड़ा से एफएसएल टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने शीघ्र खुलासे की मांग की, जिस पर पुलिस ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व एफएसएल जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिजौलियां में 'अंजान बस्तियों' का साया, बढ़ता अपराध और खामोश सिस्टम

### सुरक्षा पर सवाल, प्रशासन,पुलिस, जनप्रतिनिधियों की चुप्पी से गहराया संकट

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**कपिल श्याम विजय**

नगर के बाहरी इलाकों में अज्ञात व बाहरी लोगों की बढ़ती बसावट अब आम नागरिकों के लिए डर और असुरक्षा का कारण बनती जा रही है। चोरी, नशाखोरी और संदिग्ध गतिविधियों में लगातार इजाफा होने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हालात यह हैं कि लोग अपने ही घरों और मोहल्लों में खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार विजय सागर तालाब क्षेत्र, कच्ची बस्तियों और चारागाह भूमि पर बड़ी संख्या में ऐसे परिवार रह रहे हैं, जिनकी न तो पहचान स्पष्ट है और न ही अब तक कोई ठोस पुलिस सत्यापन हुआ है। आरोप है कि इन बस्तियों में रहने वाले कुछ लोग नगर में दिनभर घूमते रहते हैं, जबकि महिलाओं द्वारा भीख मांगने के बहाने कॉलोनियों की रेकी किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं।





**सीएलजी से लेकर अधिकारियों तक उठी आवाज, नतीजा शून्य**

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह मुद्दा नया नहीं है। कई बार सीएलजी बैठकों, स्थानीय पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक स्तर पर इस समस्या को उठाया गया, लेकिन आज तक कोई प्रभावी और स्थायी कार्रवाई नहीं हुई। केवल आश्वासन मिलते रहे, ज़मीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है।

नगर में हुई चोरी की कई वारदातों का आज तक खुलासा नहीं होना भी लोगों की नाराजगी का बड़ा कारण है। आसपास के ग्रामीण इलाकों में वाहन चोरी और छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं ने चिंता को और बढ़ा दिया है।

**अवैध गतिविधियां बढ़ीं, जनप्रतिनिधि खामोश**

सबसे ज्यादा नाराजगी इस बात को लेकर है कि नगर में फैलती अवैध गतिविधियों चोरी, नशाखोरी, अतिक्रमण और कॉलोनियों में घूमते अंजान लोगों पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि जनहित से जुड़े इतने संवेदनशील मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों की चुप्पी हालात को और बिगाड़ रही है।


**रोजगार के नाम पर अतिक्रमण, व्यवस्था बेबस**

स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजगार की तलाश में आए बाहरी लोग धीरे-धीरे सरकारी व सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं, जिससे नगर का संतुलन और सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। बिना किसी सत्यापन के यह बसावट भविष्य में बड़े अपराधों को न्योता दे सकती है।

## खारी नदी पर बजरी खनन को लेकर विवाद , रॉयल्टी नाके में तोड़फोड़

### तीन गांवों के 300 ग्रामीणों का हंगामा, पुलिस जाब्ता तैनात





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

फूलियाकलां थाना क्षेत्र में खारी नदी पर बजरी खनन को लेकर सोमवार को बड़ा विवाद हो गया। फूलियाकलां, गणपतियाखेड़ा और सणगारी गांवों के करीब ढाई से तीन सौ ग्रामीणों ने खारी नदी पर बने रॉयल्टी नाके में तोड़फोड़ कर दी और बजरी खनन पूरी तरह बंद कराने की मांग पर अड़ गए। हालात बिगड़ते देख आसपास के थानों से पुलिस जाब्ता मौके पर बुलाया गया।

पुलिस ने बताया की केकड़ी रोड स्थित खारी नदी क्षेत्र में रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा बजरी खनन किया जा रहा था। इससे नाराज ग्रामीण सोमवार सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच नदी क्षेत्र में पहुंचे और रॉयल्टी नाके पर धावा बोल दिया। इस दौरान नाके पर लगी सोलर प्लेटें, सीमेंट के खंभे और कंप्यूटर उपकरणों को नुकसान पहुंचाया गया। सूचना पर ओमप्रकाश बिश्नोई, फूलियाकलां तहसीलदार रामदेव धाकड़, थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह सहित गुलाबपुरा व अन्य थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों से समझाइश कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि बजरी खनन के कारण क्षेत्र के कुएं और जल स्त्रोत सूख रहे हैं तथा वे किसी भी कीमत पर नदी से बजरी दोहन नहीं होने देंगे। वहीं तहसीलदार रामदेव धाकड़ ने बताया कि जिस स्थान पर खनन किया जा रहा है, वहां विधिवत लीज स्वीकृत है और खनन नियमानुसार किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस व प्रशासन मौके पर डटे हुए हैं और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## अवैध खनन पर बड़ा प्रहार : कोटड़ी थाना क्षेत्र में जेसीबी-डम्पर सहित 10 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, 2 गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव )** । पुलिस ने अवैध गारनेट व बजरी खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए पिछले दो दिनों में थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान खनन में प्रयुक्त 1 जेसीबी मशीन, 10 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 1 डम्पर और 3 सेपरेटर मशीन जब्त की गईं। पुलिस ने कुल 7 प्रकरण दर्ज कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य वांछित आरोपियों की तलाश में लगातार दबिशें दी जा रही हैं।



पुलिस ने यह अभियान थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में गठित विशेष टीमो द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई को अंजाम देते हुए की गई । पुलिस ने बताया की जिला स्पेशल टीम ने माधव उपाध्याय आई.पी.एस. के नेतृत्व में अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 1 डम्पर, 1 जेसीबी मशीन और 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली को डिटेन किया। वहीं, थाना कोटड़ी की विशेष टीम ने उदलियास क्षेत्र की सरकारी भूमि पर दबिश देकर 3 सेपरेटर मशीन जब्त की। इसके अतिरिक्त कोठारी नदी क्षेत्र के सातोला का खेड़ा में अलसुबह की गई कार्रवाई में बजरी से भरे 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए गए।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

## अवैध बजरी परिवहन करता टिप्पर ट्रेलर जब्त




**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव) :-** बड़लियास थाना क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए एक टिप्पर ट्रेलर को जब्त किया है। यह कार्रवाई क्षेत्र के सोपुरा थला गांव के पास की गई।

थाना प्रभारी मुन्नीराम चोयल ने बताया कि अवैध बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सोमवार को पुलिस ने सोपुरा थला गांव के पास अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए एक टिप्पर ट्रेलर को पकड़ा और थाने खड़ा करवाया है ।

पुलिस की लगातार हो रही कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## खेत में पैंथर के पदचिन्ह, गांव में दहशत



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

आटूण गांव में किसान के खेत पर पैंथर के पदचिन्ह मिलने से ग्रामीणों में भय का माहौल फैल गया है। घटना के बाद किसान और महिलाएं खेतों में जाने से हिचकिचाने लगे हैं।

बताया गया कि बाईपास के पास किसान हीरालाल चौधरी सुबह पशुओं के लिए रिजका लेने खेत पहुंचा , जहां पैंथर के पदचिन्ह दिखाई दिए। सूचना फैलते ही आसपास के खेतों में काम कर रही महिलाएं घबरा गईं और काम रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में दिनभर महिलाएं व पशु रहते हैं, ऐसे में पैंथर की मौजूदगी से किसी भी समय हादसे की आशंका बनी हुई है। गांव में लगातार बढ़ती चिंता के बीच किसानों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने और त्वरित कार्रवाई की मांग की है, ताकि जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## हाईवे चौड़ीकरण की मारः बुजुर्ग दुकानदार रोज़ी-रोटी के लिए परेशान






**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

नेशनल हाईवे निर्माण और चौड़ीकरण के बीच एक बुजुर्ग छोटे व्यापारी की वर्षों की मेहनत पर संकट खड़ा हो गया है। क्षेत्र में नेशनल हाईवे अथॉरिटी की कार्यवाही से 25 वर्षों से किराने की दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे भंवर लाल रेगर अब अपनी ही बची हुई जमीन के उपयोग के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे के 100 फीट चौड़ीकरण के दौरान भंवर लाल रेगर की दुकान का बड़ा हिस्सा सड़क की जद में आ गया। राइट ऑफ वे के चिन्ह लगने के बाद बुजुर्ग के पास मात्र 5म5 फीट की जगह ही शेष रह गई। इसी सीमित स्थान पर वे पुनः दुकान खड़ी कर जीवनयापन करना चाहते हैं, लेकिन नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा उसी स्थान पर ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

इससे दुकानदार की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर दुकान तक पहुंचने का रास्ता पूरी तरह बंद हो जाएगा। वहीं, बेहद कम जगह में ट्रांसफार्मर के समीप बैठकर दुकान चलाना जानलेवा भी साबित हो सकता है। दुकान ही परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन होने से इसके बंद होने पर गंभीर आर्थिक संकट खड़ा होने की आशंका है।

पीड़ित भंवर लाल रेगर ने बताया कि हाईवे निर्माण में जमीन जाने के बाद अब जो थोड़ी-सी जगह बची है, उसी पर ट्रांसफार्मर लगाए जाने की तैयारी की जा रही है। बुजुर्ग ने जिला कलेक्टर एवं एसडीएम से मौके की जांच कर ट्रांसफार्मर को अन्यत्र शिफ्ट कराने की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास कार्यों के साथ-साथ प्रभावित छोटे व्यापारियों की आजीविका का भी ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि किसी का घर-चूल्हा न उजड़े।

## अवैध गारनेट खनन पर बड़ी कार्रवाई

### 16 सेपरेटर मशीनें व 2 ट्रैक्टर जब्त, कई आरोपियों पर केस दर्ज



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पारोली थाना क्षेत्र में अवैध गारनेट खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन में प्रयुक्त 16 सेपरेटर मशीनें एवं 2 ट्रैक्टर जब्त किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर की गई। पुलिस ने बताया की 31 जनवरी की रात्रि को अवैध गारनेट खनन की सूचना मिलने पर तीन विशेष टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने पारोली थाना क्षेत्र की आसोप, खेजड़ी साखड़ा एवं आगरिया सरहद में दबिश देकर अवैध खनन कार्य में लगी मशीनों को जब्त किया। इस दौरान सतु गुर्जर निवासी कंवलियास, भेरू गुर्जर निवासी फलासेड, भेरूलाल निवासी मोडिया खेड़ा, जगदीश निवासी फलासेड, राजू निवासी फलासेड, शंकर गुर्जर निवासी नृसिंह का झोपड़ा, लोकेश जैन निवासी फलासेड सहित अन्य आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया है। पुलिस ने कार्रवाई थाना थानाधिकारी सियाराम के नेतृत्व में गठित टीम एवं डीएसटी टीम द्वारा की गई ।

# सूने मकानों पर चोरों की नजर, दिनदहाड़े दिया वारदात को अंजाम , शादी में गए परिवार का घर खंगाला

### पहले भी हो चुकी हैं 3-4 वारदातें, पुलिस के हाथ खाली

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

नगर पालिका के पीछे स्थित एक मकान में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे के आसपास नवीन कुमार पुत्र राम किरण चित्तौड़ा के घर की बताई जा रही है। चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए घर में घुसकर अलमारी व पेटी के ताले तोड़ दिए और पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त कर दिया।

**शादी समारोह में गया था परिवार, सूना पड़ा था मकान**

पीड़ित के अनुसार, परिवार में शादी होने के कारण सभी सदस्य नगर में ही बड़े भाई के मकान में गए हुए थे। भगवान का भोग लगाने के लिए जब परिवार वापस लौटा तो घर के कमरों में सामान बिखरा पड़ा मिला। जांच करने पर पता चला कि चोर कपड़े, साड़ियां तथा मंदिर से भगवान की चांदी की मूर्ति और चांदी की चेन चुरा ले गए।




**मोहल्ले में संदिग्ध महिलाओं के घूमने की सूचना**

घटना के बाद आसपास के लोगों से जानकारी जुटाने पर सामने आया कि वारदात से पहले कुछ अज्ञात महिलाएं मोहल्ले में घूमती हुई देखी गई थीं। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**दान-दक्षिणा के नाम पर रैकी का शक**

स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से बाहर से आए अज्ञात लोग बिजोलिया में डेरा जमाए हुए हैं, जो नगर के अलग-अलग वार्डों में घर-घर जाकर दान-दक्षिणा मांगते हैं। आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं लोगों द्वारा सूने मकानों की रैकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है।

**पहले भी हो चुकी हैं 3-4 वारदातें, पुलिस के हाथ खाली**

नगर में बीते दिनों में इसी तरह की तीन से चार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। कई मामलों में पीड़ितों ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज के साक्ष्य भी उपलब्ध कराए हैं, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

**लगातार चोरियों से नागरिकों में भय, गश्त बढ़ाने की मांग**


लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवासियों में दहशत का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि व दिनकालीन गश्त बढ़ाने तथा जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।

# भीलवाड़ा में प्रेम प्रसंग के शक में हिंसक झड़प, 6 घायल

### चतरपूरा गांव में घर पर हमला, पुलिस तैनात, आरोपी फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मांडल उपखंड के चतरपूरा गांव में प्रेम प्रसंग के संदेह को लेकर उपजे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि कुछ लोगों ने एक ही परिवार के घर पर धावा बोलते हुए महिलाओं और बच्चों समेत परिवार के सदस्यों के साथ बेरहमी से मारपीट की। इस सनसनीखेज घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें एक 13 माह की मासूम बच्ची भी शामिल है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





जानकारी के अनुसार हमलावरों ने देर रात परिवार के घर में घुसकर लाठियों व डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से घर में अफरा-तफरी मच गई। हमले में 70 वर्षीय वृद्धा गीता देवी, 30 वर्षीय महावीर, 50 वर्षीय लादी देवी, 55 वर्षीय जगदीश, 23 वर्षीय सीमा और 13 माह की बच्ची ज्योति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल बन गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालते हुए अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग को लेकर आपसी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# केंद्रीय बजट सर्वांगीण विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम : मंत्री रावत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

केंद्रीय बजट को लेकर जल संसाधन विभाग के मंत्री सुरेश सिंह रावत ने सोमवार को सर्किट हाउस में मीडियाकर्मियों से संवाद किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रावत नेबजट की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए इसे देश के सर्वांगीण विकास, आर्थिक मजबूती और आमजन के हितों को समर्पित बताया।

मंत्री रावत ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को प्राथमिकता दी गई है। बजट से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी तथा ग्रामीण एवं शहरी विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, ऊर्जा और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में किए गए प्रावधान आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में अहम साबित होंगे।




उन्होंने कहा कि यह बजट राज्यों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करेगा और स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में सहायक होगा। साथ ही वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मंत्री ने कहा कि बजट 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना को मजबूती प्रदान करता है।

प्रेस वार्ता में रावत ने टेक्सटाइल सिटी भीलवाड़ा को बजट से होने वाले विशेष लाभों, ईआरसीपी परियोजना, माही एवं जाखम नदी से मेजा बांध में जल लाने की संभावनाओं सहित विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने मीडियाकर्मियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सहजता एवं स्पष्टता के साथ उत्तर दिया। इससे पूर्व सर्किट हाउस पहुंचने पर मंत्री रावत को पुलिस दल द्वारा सलामी दी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल, शहर विधायक अशोक कोठारी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## मंदाकिनी मार्ग से अस्पताल जाने वाली सड़क अधूरी, मरीजों को हो रही भारी परेशानी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**रमेश गुर्जर ।** नगर के मंदाकिनी मार्ग से अस्पताल को जोड़ने वाली सड़क पिछले कई दिनों से अधूरी पड़ी होने के कारण आम राहगीरों और मरीजों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और अधूरा निर्माण होने से एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस समस्या को लेकर नगर पालिका अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, सार्वजनिक निर्माण विभाग को भी जानकारी देने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

इसको लेकर सोमवार को नगरवासियों ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौर से मुलाकात कर जल्द कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की अपील की। मुलाकात के दौरान कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार राव, रणजीत सिंह कानावत, यशवंत सिंह पुंगलिया, दिनेश माली, सुरेश, शंभू सिंह, अरविंद कुमार, विशाल तिवाड़ी, कैलाश धोबी, भगवान सिंह सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

## केबिन व गैंती-फावड़ा चोरी मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

प्रतापनगर थाना पुलिस ने क्षेत्र में केबिन एवं गैंती-फावड़ा चोरी के प्रकरण में शेष आरोपी व हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के आदेशानुसार लंबित प्रकरणों के निस्तारण के तहत की गई। पुलिस ने बताया की प्रतापनगर थाने में दर्ज मामले में शेष मुल्जिम की तलाश जारी थी, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में पीड़ित चान्दमल तेली (75) निवासी चारभुजा मंदिर के पास, मलाण भीलवाड़ा द्वारा 1 मार्च 2023 को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रिपोर्ट की गई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 28 फरवरी 2023 को अभियुक्त राकेश प्रजापत, नाहर सिंह बंजारा उर्फ नारू, गोपाल गुर्जर एवं अन्य ने उसके प्लॉट पर रखी केबिन व गैंती-फावड़ा सहित अन्य सामान चोरी कर लिया।

प्रकरण में पूर्व में अभियुक्त राकेश प्रजापत व नाहर सिंह उर्फ नारू बंजारा, जो आपराधिक प्रवृत्ति के हिस्ट्रीशीटर हैं, को गिरफ्तार किया जा चुका था। शेष आरोपी गोपाल गुर्जर, जो थाना मांडल का हिस्ट्रीशीटर है और जिसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी गोपाल पुत्र काना गुर्जर (37) निवासी जिपिया खेड़ा, मांडल है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के विरुद्ध मांडल, करेड़ा, प्रतापनगर व पुर थानों में मारपीट, लूट, जानलेवा हमला, शासकीय कार्य में बाधा, आर्म्स एक्ट एवं बीएनएस सहित एक दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें कुछ में चालान पेश हो चुके हैं तथा कई प्रकरणों में अनुसंधान जारी है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# बिजोलिया में मौसम के बाद बदला मिज़ाज, कोहरे ने थाम दी रफ्तार

## सुबह से छाया रहा घना कोहरा, जनजीवन व यातायात प्रभावित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**( नरेश धाकड़ )** रविवार देर रात हुई बारिश के बाद क्षेत्र के मौसम ने अचानक करवट ली। तापमान में गिरावट के साथ सोमवार सुबह से बिजौलिया और आसपास के ग्रामीण अंचलों में घना कोहरा छा गया, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और दिन की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई।

सुबह के समय खेत-खलिहानों, पेड़ों और हरियाली वाले इलाकों में कोहरे की मोटी चादर नजर आई। ओस की बूंदों से वातावरण में नमी बढ़ी हुई रही। कोहरे के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ और लोग आवश्यक कामों के अलावा घरों में ही दुबके रहे। कोहरे का सबसे अधिक असर सड़कों और हाईवे पर देखने को मिला। कम दृश्यता के चलते वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर बेहद सावधानी से वाहन चलाने पड़े। कई स्थानों पर यातायात की रफ्तार धीमी रही, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम में आए इस अचानक बदलाव ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। बारिश और लगातार कोहरे से फसलों पर संभावित असर की आशंका जताई जा रही है। किसान मौसम पर नजर बनाए हुए हैं और आगे की स्थिति को लेकर सतर्कता बरत रहे हैं।

# श्री धाकड़ महासभा महिला इकाई द्वारा भगवान धरणीधर गेम्स लीग का हुआ आयोजन, कोटा देहात बनी विजेता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



श्री धाकड़ महासभा जिला कोटा महिला इकाई के तत्वावधान में भगवान धरणीधर गेम्स लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्य सचेतक एवं पूर्व विधायक नरेंद्र नागर ने की। समारोह की अति विशिष्ट अतिथि श्री धाकड़ महासभा महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री नागर रहीं।

विशिष्ट अतिथियों में श्री धाकड़ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विवेक सुषमा धाकड़ एवं सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन दीपशिखा धाकड़ शामिल रहीं।

कार्यक्रम में श्री धाकड़ महासभा महिला इकाई भीलवाड़ा की जिला अध्यक्ष संजू धाकड़ की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

प्रतियोगिता के तहत फाइनल क्रिकेट मैच कोटा शहर एवं कोटा देहात की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए कोटा देहात की टीम ने विजय प्राप्त की। विजेता टीम को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया।


समारोह के दौरान अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण, खेलों के महत्व एवं समाज में एकता बनाए रखने पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

# भीलवाड़ा में 13.87 लाख लोगों को हर माह 7 हजार मैट्रिक टन मुफ्त गेहूं

## तहसील स्तरीय समितियों की संयुक्त बैठक में एनएफएसए व गिव अप योजना पर चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचन्द पेसवानी**



जिले की तहसील स्तरीय उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति एवं तहसील स्तरीय सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक जिला कलेक्टर सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र मिश्रा ने की। इसमें जिले की सभी तहसीलों से मनोनीत सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत जिले के 3.87 लाख परिवारों के 13.87 लाख लाभार्थियों को हर माह लगभग 7 हजार मैट्रिक टन गेहूं निःशुल्क वितरित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 2,46,172 लोगों ने स्वेच्छा से गिव अप किया है, जो कुल एनएफएसए यूनिट का 17.76 प्रतिशत है। वहीं एनएफएसए-2025 के तहत करीब 1900 आवेदन लंबित हैं, जिनका निस्तारण शीघ्र किया जा रहा है।

बैठक में सदस्यों को खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र एवं अपात्र परिवारों की प्रक्रिया, गिव अप योजना, ई-केवाईसी, गैस सब्सिडी व एलपीजी मैपिंग की जानकारी दी गई। साथ ही सदस्यों से सुझाव भी लिए गए। बैठक में भीलवाड़ा, माण्डल, करेड़ा, रायपुर, सहाड़ा, हमीरगढ़, हुरड़ा, आसीन्द, बिजौलिया एवं माण्डलगढ़ तहसीलों के मनोनीत सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों ने गिव अप योजना के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए प्रिंट, सोशल एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अधिक उपयोग का सुझाव दिया। साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सरकारी कार्यालय, अस्पताल, स्कूल एवं पंचायत मुख्यालयों पर योजना से संबंधित बैनर लगाने का सुझाव भी दिया गया।

बैठक में जिला रसद कार्यालय के प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक, अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं राशन डीलर भी मौजूद रहे।

# पेंच की बावड़ी में भाजपा की बैठक, वीबीजी राम जी योजना पर हुआ मंथन

भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली।



पेंच की बावड़ी कस्बे में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा वीबीजी राम जी योजना को लेकर बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी रहे। अध्यक्षता मंडल प्रभारी सुरेश अग्रवाल ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष शौकीनचंद राठौर, पूर्व प्रधान सत्यनारायण महेश्वरी, डॉ. मनीष खज, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामलक्ष्मण सैनी मंचासीन रहे।

प्रभुलाल सैनी ने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा योजना को बंद नहीं किया गया है, बल्कि संशोधित कर नरेगा गारंटी योजना के रूप में हाइब्रिड मॉडल में लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य गांव और गरीब का विकास कर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने बताया कि पूर्व नरेगा में लाखों शिकायतें और भारी भ्रष्टाचार सामने आया, जिसे रोकने के लिए योजना को विकसित भारत ग्रामीण गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन के रूप में चार भागों जल संरक्षण, ग्रामीण संपत्ति निर्माण, आजीविका कार्य एवं आपदा व पर्यावरण संरक्षण में विभाजित किया गया है। इस अवसर पर रोहित जैन, विकास जैन, बनवारी वैष्णव, गोविंद झवर (एडवोकेट), डी.एस. काबरा, नंदकिशोर मीना, पीयूष जैन सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांदा में हिंदू सम्मेलन को लेकर निकाली पैदल शोभायात्रा



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव ):-** कांदा गांव में सोमवार को हिंदू सम्मेलन को लेकर पैदल शोभायात्रा का आयोजन हुआ । गांव केसरिया रंग से सजा नजर आया । देवराज जाट ने बताया कि गांव में भीलों के मोहल्ले में शिवालय से सुबह 10:15 बजे डीजे के साथ पैदल शोभायात्रा प्रारंभ हुई । शोभायात्रा गांव के मुख्य बाजारों व चौराहों से होते हुए शाम 4:15 बजे मादेड़ा माताजी मंदिर पर संपन्न हुई । ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भारत माता, भगवान राम की झांकी सजाई गई। इस दौरान सत्तू जाट, गौ भक्त देवराज जागा, पवन वैष्णव, किशन लोहार, दीपक जाट, किशन भील, दिनेश भील, पवन खटीक, राधेश्याम गाडरी, कमलेश जाट, देवराज जाट सहित विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे ।

## सप्तमी उद्यापन को लेकर गणपति स्थापना की रविवार को होगी पूर्णाहुति



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव ):-** चौधरियास गांव में श्री खेड़ा के देवनारायण भगवान की छठ सप्तमी का उद्यापन को लेकर सोमवार को गणपति स्थापना व ध्वजारोहण किया, सप्तमी का उद्यापन रविवार को किया जाएगा । ग्रामीण कन्हैयालाल गुर्जर ने बताया कि श्री खेड़ा के देवनारायण भगवान की छठ सप्तमी का उद्यापन रविवार 8 फरवरी को किया जाएगा । इसको लेकर सोमवार को सुबह 8:15 बजे आचार्य गोपाल शर्मा के मंत्रोच्चार के साथ गणपति स्थापना व ध्वजा रोहण किया गया । वही 6 फरवरी शुक्रवार को जलयात्रा, मण्डप प्रवेश व बिंदौली निकाली जाएगी । 7 फरवरी शनिवार को रात्रि जागरण व चादर वितरण का कार्यक्रम होगा । 8 फरवरी रविवार को सुबह 9:15 बजे प्रभात फेरी, दोपहर 12:15 बजे पूर्णाहुति होगी, महा आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा । वही रात्रि में नारायण मटुनिया एंड पार्टी द्वारा बगड़ावत कथा का आयोजन किया जाएगा ।।

# कबड्डी से मिलता है अनुशासन और टीमवर्क का संदेश : इंजीनियर धाकड

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**




**(नरेश धाकड़)** । धाकड़ समाज कबड्डी प्रतियोगिता सीजन-5 का समापन समारोह हरजेशपुरा स्थित कबड्डी ग्राउंड पर हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ रहे। धाकड़ ने कहा कि कबड्डी खेल हमें अनुशासन, टीमवर्क, धैर्य और एकाग्रता के साथ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना सिखाता है। यह खेल न केवल शरीर को स्वस्थ व फुर्तीला बनाता है, बल्कि त्वरित निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करता है।

इंजीनियर धाकड़ ने समाज के युवाओं को अनुशासन, शिक्षा, राजनीतिक चेतना और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए कहा कि खेल सामाजिक एकता का सशक्त माध्यम है। प्रतियोगिता के मंच पर सर्वजाति व सर्वधर्म के अतिथियों की उपस्थिति ने सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। धाकड़ समाज द्वारा मंचासीन अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अमूल दुग्धसागर काछोला टीम ने विजय प्राप्त की, जबकि जेपी ग्रीन एग्रो सर्विस, बदनपुर उपविजेता रही।

समारोह में निवर्तमान उपप्रधान बंटी धाकड़, मांडलगढ़ केवीएसएस अध्यक्ष ओमप्रकाश जाट, सरथला सरपंच ब्रह्मलाल कंजर, श्रीनगर सरपंच रामलाल भील, श्रीनगर उपसरपंच कैलाश बलाई, निवर्तमान पंचायत समिति सदस्य रामेश्वर लाल धाकड़, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र कुमार रेगर, पूर्व सरपंच भंवर धाकड़, किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शंभूलाल जाट, कांग्रेस सेवादल जिला महासचिव अब्दुल सलाम रंगरेज सहित कई लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन डॉ. एन.के. सोनी एवं मोनू धाकड़ ने किया।

# सिंधु स्वास्थ्य सेवा समिति का निशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



सिंधु स्वास्थ्य सेवा समिति द्वारा जय भगवान एक्यूप्रेशर संस्थान मुंबई के तत्वाधान में सोमवार से 5 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा एवं प्रशिक्षण शिविर शास्त्री नगर स्थित सालासर बालाजी मंदिर के प्रांगण में प्रारंभ हुआ। समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश गुलाबानी ने बताया कि मुंबई से गुरुजी नवनीत भाई शाह के सानिध्य में 5 जनों की टीम रश्मिका बेन शाह, जयश्री पटेल, दीक्षित भाई परवेज, जुगल किशोर, स्थानीय थेरेपिस्टों के साथ 6 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह साइटिका, जोड़ों के दर्द, सर्वाइकल, गठिया आदि असाध्य रोगों का निःशुल्क उपचार करेंगे। इस दौरान निःशुल्क प्रशिक्षण भी देंगे। सोमवार को भीलवाड़ा आगमन पर समिति के जयकिशन गुलाबानी, हेमंत मैठाणी, जगदीश दरियानी, ओम प्रकाश तापड़िया, कमल लधानी, हरीश गुरबाणी बलराम, ने स्वागत किया। भगवान झूलेलाल एवं स्व सद्गुरु चिमन भाई दवे की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना से शिविर प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर देवानंद फुलवानी, सुगनामल कलवानी, दिलीप भाई, विशाल जोशी, नवीन लखवाणी उपस्थित रहे ।

# नरेगा बंद, सड़कें जर्जर ,कांग्रेस 6 फरवरी को देगी ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



कांग्रेस मंडल की सोमवार को आयोजित बैठक में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर 6 फरवरी को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जहाजपुर एसडीएम को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

कांग्रेस नेता बाबूलाल मीना ने बताया कि नरेगा कार्य बंद होने, जर्जर सड़कों, स्कूलों में शिक्षकों की कमी और शक्करगढ़ व टीटोड़ा जागीर अस्पतालों से स्टाफ स्थानांतरण से आमजन प्रभावित है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सेन सहित भेरूलाल जोशी, अशोक मंत्री, ओमप्रकाश मेघवंशी, परमेश्वर मेघवंशी, सीताराम गुर्जर, महावीर सेन, भरत सेन तथा बाकरा, बरोदा, बेई सहित मंडल के कई कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# कहार समाज छात्रावास भूमि पर कब्जे का आरोप, नगर पालिका में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली।**



बूंदी जिले के हिण्डोली में कहार समाज से जुड़े लोगों ने सोमवार को भूमाफियाओं द्वारा छात्रावास के लिए प्रस्तावित भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए नगर पालिका में प्रदर्शन किया। इस दौरान समाज के लोगों ने अधिशाषी अधिकारी जितेंद्र मीणा को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि 5 बीघा भूमि कहार समाज छात्रावास के लिए प्रस्तावित है, जिसे कहार समाज विकास समिति के नाम से रजिस्टर्ड कराकर पिछले 11 वर्षों से समाज के कब्जे में रखा गया है। उक्त भूमि के छात्रावास आवंटन की फाइल वर्तमान में जयपुर सचिवालय में प्रक्रियाधीन है। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि 31 जनवरी को करीब दो दर्जन से अधिक लोगों ने जेसीबी मशीन से उक्त भूमि पर जबरन खुदाई शुरू कर दी। विरोध करने पर समाज के लोगों के साथ गाली-गलौच की गई तथा जान से मारने की धमकियां भी दी गईं। इस घटना के विरोध में कहार समाज के लोग बड़ी संख्या में कृषि उपज मंडी में एकत्रित हुए और जुलूस के रूप में नगर पालिका पहुंचे। जहां उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अवैध कब्जा रोकने एवं संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिशाषी अधिकारी मौके पर पहुंचे और भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने समाज के लोगों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## झोलाछापों पर बड़ी कार्रवाई, कई क्लिनिक व मेडिकल प्रतिष्ठानों को नोटिस




**भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बूंदी के निर्देशों की पालना में सोमवार को दबलाना क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु एक संयुक्त टीम का गठन किया गया।

टीम में डॉ. रामसिंह ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हिण्डोली, डॉ. संजीत यादव चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, दबलाना, फार्मासिस्ट राजाराम एवं थाना दबलाना से कांस्टेबल श्रवण शामिल रहे। संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान बंगाली क्लिनिक एवं श्री सांवरिया स्वास्थ्य केन्द्र बंद पाए गए, जिस पर संबंधित प्रतिष्ठानों पर नोटिस चस्पा किए गए। वहीं मातेश्वरी मेडिकोज, श्रीराम लैब एवं एक्स-रे सेंटर तथा शिवम मेडिकल एवं जनरल स्टोर पर भी नोटिस चस्पा कर चेतावनी दी गई।

सभी संबंधित संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने वैध दस्तावेज तीन दिवस के भीतर ब्लॉक सीएमएचओ कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मेहरूकलां में श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा जारी



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर।**

**दिलखुश** । मेहरूकलां स्थित श्री नृसिंह द्वार मंदिर परिसर में महंत हरिदास महाराज के सानिध्य में श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ के साथ श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा-भाव से जारी है।

सोमवार को कथा प्रवक्ता के रूप में गोरखपुर से पधारे महंत रामदास महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण वाचन किया। उन्होंने धर्म, भक्ति व सदाचार का संदेश देते हुए धुंधकारी प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया।

महंत हरिदास महाराज ने बताया कि 7 फरवरी को श्री नृसिंह द्वार मंदिर में भगवान श्री नृसिंह का भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित होगा। कथा के दौरान अयोध्या व वृंदावन से पधारे संत-महापुरुषों की उपस्थिति रही।

मुख्य यजमान गजराज सिंह शक्तावत ने धर्मपत्नी गोविंद कंवर के साथ विधिवत पूजन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से वातावरण जयघोष व वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा।

QUICK BITES

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया स्वच्छता कार्य

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**रमेश गुर्जर ।** राजकीय महाविद्यालय में संचालित एनएसएस के 7-दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस की शुरुआत वंदे मातरम् व एनएसएस गीत के सामूहिक गायन से हुई। बौद्धिक सत्र में कार्यवाहक प्राचार्य आदित्य देव वैष्णव ने स्वास्थ्य व समृद्धि के व्यापक अर्थ पर प्रकाश डाला।

संकाय सदस्य महेंद्र राज ने व्यक्तित्व विकास पर जानकारी दी। इस दौरान स्वयंसेवकों ने परिसर में स्वच्छता अभियान व पौधों में पानी देने का कार्य किया। शिविर में 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## महिला सुरक्षा व अधिकारों को लेकर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**




जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र द्वारा महिला एवं बाल विकास कार्यालय में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सोशल काउंसलर सुगना वैष्णव की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

बैठक में मुख्य वक्ता सुगना वैष्णव ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और हितों की रक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100 व 112 के उपयोग की जानकारी दी। साथ ही बाल विवाह, नाता प्रथा और जेंडर आधारित हिंसा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर हेमलता मौर्य सहित विभाग की अन्य महिलाए उपस्थित रहीं।।

## 14वीं जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग में पंडेर के खिलाड़ियों ने जीते चार पदक

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**



भीलवाड़ा में आयोजित 14वीं जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पंडेर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में पांच प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से चार खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में पदक हासिल किए।

सब-जूनियर वर्ग में निशा भाट ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में आयुष गर्ग ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में खुशीराम गुर्जर ने कांस्य पदक अपने नाम किया, जबकि मास्टर कैटेगरी (फर्स्ट) में ओमप्रकाश भाट ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

प्रतियोगिता के दौरान अमित कुमार सेन को गेस्ट ऑफ ऑनर के खिताब से सम्मानित किया गया। अमित कुमार सेन ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उदयपुर भेजा जाएगा।

## आगुचा के राजकीय विद्यालय में आयोजित हुआ विदाई समारोह

**भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा ।**



**गोपाल** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता कैलाश चंद्र नागला ने की, जबकि मुख्य अतिथि भाजपा महामंत्री दीपक कुमार सेन रहे। विशिष्ट अतिथियों में मूलचंद गुर्जर, गोपाल उचेनिया, कैलाश मेवाड़ा उपस्थित रहे। अतिथियों व विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों का माला व उपरना पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में नागला ने कहा कि परीक्षा जीवन की सफलता की सीढ़ी है, वहीं प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र आमेटा ने संघर्ष को सफलता की कुंजी बताया। अध्यापिका स्नेह लता मूंदड़ा ने विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने का संदेश देते हुए बोर्ड परीक्षा से जुड़ी जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन स्नेह लता मूंदड़ा ने किया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।